हनुमत विनती सुनो थोड़ी भक्ति हमें दे दो

हनुमत विनती सुनो
थोड़ी भक्ति हमें दे दो
मारुती नंदन विनती सुनो
थोड़ी भक्ति हमें दे दो

रामजी का दरश मिले
प्रभु चरणों का परस मिले
जीवन धन्य हमारा करो
हनुमत विनती सुनो
थोड़ी भक्ति हमें दे दो
मारुती नंदन विनती सुनो
थोड़ी भक्ति हमें दे दो

जय बजरंग बलि गोसाई
कृपा करो गुरुदेव की नाई
हम याचक बैठे चरणों में
श्रद्धा से करते है जय जय कारी
श्रद्धा से करते है जय जय कारी
हनुमत विनती सुनो
थोड़ी भक्ति हमें दे दो
मारुती नंदन विनती सुनो
थोड़ी भक्ति हमें दे दो

हनुमत नाम है बज्रतन धारी
जिसपे लसी है लाली सिंदूरी

मंगल और शनि दिन पावन
दरश प्रभु का है हितकारी
दरश प्रभु का है हितकारी
हनुमत विनती सुनो
थोड़ी भक्ति हमें दे दो
मारुती नंदन विनती सुनो
थोड़ी भक्ति हमें दे दो